GAYANODAYA MAHAVIDHYALAYA

# द न्यूजलेटर

# THE NEWSLETTER

ISSUE – 1 JANUARY 2018

## GYANODAYA MAHAVIDHYALAYA

THIS ISSUE


- School Internship
- Rakshabandhan Celebration
- Independence Day & Janmashtami Celebration
- Welcome Party
- Hindi Diwas
- Dipawali Celebration
- Farewell
- Art & Craft
- Student Union Election.


THE NEWSLETTER



SECTIONS

- CAMPUS NOTICE
- EVENTS

बिना अपना आपा और आत्म विश्वास खोये
कुछ भी सुन सकने की योग्यता ही शिक्षा है।
– रोबर्ट फॉस्ट

F – Sector, MIG Colony, Near shafali Jain Hospital, INDORE (M.P.) – 452008
Phone 0731 – 4091220, 08871262229, Email : gyanodaya.edu@gmail.com
Website : www.gyanodaya.org

# Editorial Panel

| Patron | Editor – in Chief | Editor |
|---|---|---|
|  |  |  |
| Mr. Aniruddh Singh (Secretary) | Dr. Jasmeet Kaur Tandon (Principal) | Dr. Shamim Aara Hussain (Asst. Professor) |

# Editorial Board

| | | |
|---|---|---|
|  |  |  |
| Mr. Sunil Saxena (Asst. Professor) | Mrs. Tanu Sharma (Asst. Professor) | Mrs. Neha Verma (Asst. Professor) |
|  |  |  |
| Mrs. Ujjawala Moses (Asst. Professor) | Mrs. Anjali Sen (Asst. Professor) | Mrs. Arundhati Thakur (Asst. Professor) |

जिस शिक्षा से हम अपना जीवन निर्माण कर सकें, मनुष्य बन सकें, चरित्र गठन कर सकें और विचारों का सामंजस्य कर सकें, वही वास्तव में शिक्षा कहलाने योग्य है।



## CAMPUS NOTES

" Education is not the learning of facts but the training of the mind to think and teaching is the profession that teaches all of the other Professions." Keeping this in mind a group of individuals started Gyanodaya Institution in 1986 with the aim to provide quality education to student teachers to face different challenges in teaching and life.

Gyanodaya Mahavidhyalaya is a big family with its Director as Mr. Aniruddh Singh, who is dedicated and supportive. Principal Dr. Jasmeet Kaur Tandon who is highly educated, experienced and hardworking. All staff members are qualified enough to inspire, guide, enlighten and motivate the student. All academic & nonacademic members of the Gyanodaya family work together to fulfill the mission and vision of the Institution to prepare outstanding educators, scholars, researchers and achievers in the profession of Education. To help our students to obtain an education which will give them knowledge and skills for improving their lives and community and to participate in the growth of our society.

The admission process in Gyanodaya Mahavidhyalaya is Online and nearly all the allotted 100 seats are filled every year. The courses offered are B.Ed. (2 Years course ) recognized by NCTE and affiliated to DAVV and D.El.Ed. (2 years) recognized by NCTE and affiliated to M.P.B.S.E. Admissions are given to the students of every category to fulfill the norms of NCTE. All students give satisfactory results, their overall total average percentage was 97.15%. After the degree course teacher trainees are well placed in good and reputed school of Indore city and almost 100% placements are done every year.

Gyanodaya Mahavidhyalaya has will equipped library with about 4000 books in different subjects, journals, magazines, audio & video CD's to help students gather information and to prepare for their exam.

Gyanodaya Mahavidhyalaya Strive toward igniting minds and creating in students a passion for learning and continuous development by making the learning process enjoyable.

Gyanodaya Mahavidhyalaya works on Slogan –

**"We are not just teachers we are the managers of the world's greatest resources CHILDREN."**

जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं कि उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।
– अल्बर्ट आइंस्टीन

# School Internship



ज्ञानोदय महाविद्यालय द्वारा संचालित बी. एड. द्वितीय वर्षीय पाठ्क्रम 2015–17 को तृतीय सेमेस्टर का 01/12/2016 से प्रारम्भ हुआ जिसमें पाठ्क्रम के अनुसार विद्यार्थियों को सूक्ष्म शिक्षण , शैक्षिक मनोविज्ञानिक परीक्षण के साथ विद्यालयों में वास्तविक अनुभव हेतु Internship कराना आवश्यक है।

## Internship के अन्तर्गत विद्यार्थियों द्वारा किए गए कार्य –

दिनांक 01/12/2016 – 14/2/2016 तक विद्यार्थियो को सूक्ष्म शिक्षण के कौशलो का अध्यापन एवं अभ्यास कराया गया। विद्यार्थियों द्वारा अध्यापन के साथ – साथ विभिन्न पाठ्य सहगामी गतिविधियों में भी उत्साह पूर्वक भाग लिया गया – जैसे – क्रिसमस समारोह, वार्षिक उत्सव, प्रार्थना, पुस्तकालयों में विद्यार्थियों के विभिन्न पुस्तकों से विद्यार्थियों का परिचय प्रदान करना , सूर्य नमस्कार एवं सामूहिक योग के कार्यक्रमों में भाग लेना जागरूकता हेतु रैली में सम्मिलित होना इत्यादि।

उपरोक्त गतिविधियों के साथ – साथ विद्यार्थियों द्वारा सामुदायिक जागरूकता हेतु दिनांक 25/2/2017 शनिवार को बेटी बचाओं – बेटी पढाओ विषय पर नुक्कड नाटक प्रस्तुत किया जिसमें तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अभिनय एवं संवादों के साथ प्रस्तुती दी। नुक्कड नाटक महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका श्रीमती तनु शर्मा के मार्गदर्शन में सम्पन्न किया गया।

Internship के अन्तर्गत ही सामाजिक कार्य श्रैणी के अन्तर्गत विद्यार्थियों द्वारा दिनांक 13/01/2017 शुक्रवार को ज्ञानोदय महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों द्वारा वृक्षारोपण का आयोजन किया गया , जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. जसमीत कौर टण्डन एवं समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी सम्मिलित हुए। विद्यार्थियों द्वारा विशेष बालकों की पहचान कर उनका वैयक्तिक अध्ययन भी किया गया , जिसे Internship Diary में प्रदर्शित किया गया है।

Acc No

## वृक्षारोपण



सफलता की खुशी मानना अच्छा है पर उससे जरूरी है
अपनी असफलता से सीख लेना। – बिल गेट्स

## विद्यार्थियों द्वारा Internship के अनतर्गत किया गया शिक्षण कार्य




समस्त विद्यार्थियों को उनके दानों प्रमुख शिक्षण विषयों PC1 एवं PC2 के शिक्षण हेतु आवंटित विद्यालयों से विषय – वस्तु, वहाँ के नियमित शिक्षकों द्वारा प्रदान की गई। दानों विषयों पर विद्यार्थियों द्वारा पृथक पृथक रजिस्टरों में इकाई योजना, 20 पाठ – योजना जिसमें अंतिम पाठ इकाई – परीक्षण पर बनाया गया जिसमें ब्लू – प्रिन्ट भी बनवाई गई थी। विद्यार्थियों द्वारा पाठ प्रस्तुत करने हेतु विभिन्न शिक्षण सहायक सामग्रियों जैसे – **Working Model**, चार्ट, वास्तविक वस्तुओं का उपयोग भी किया गया।

विद्यार्थियों द्वारा पॉच सह पाठी निरीक्षण एवं शिक्षक निरीक्षण भी अनिवार्य रूप से किया गया। पाठ प्रस्तुतीकरण के पश्चात् विद्यार्थियों को महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा सुधार हेतु प्रतिपुष्टि प्रदान की गई।

**Internship** के अन्त में सम्बन्धित पूर्वक **Internship** सम्पन्न करने के प्रमाण – पत्र प्रदान किए गए।

## रक्षा बन्धन समारोह

ज्ञानोदय महाविद्यालय में दिनांक 03/08/2017 गुरूवार रक्षा बन्धन समारोह का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य शिक्षक प्रक्षिणार्थियो की कला एवं संस्कृति में रूचि विकसित करने के साथ विद्यार्थियो में सृजनात्मकता का विकास करना था इस अवसर पर महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें बी. एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने




उत्साह पूर्वक भाग लिया जिनका सफल संचालन महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका श्रीमती तनु शर्मा तथा श्रीमती नेहा वर्मा ने किया।प्रतियोगिता के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. जसमीत कौर टण्डन द्वारा विजेताओं की घोषणा कर पुरस्कारों का वितरण किया गया।

विभिन्न प्रतियोगिताओं के नाम, प्रतिभागी तथा विजेताओं के नाम निम्नानुसार हैं –

### 1. राखी मेकिंग प्रतियोगिता

राखी मेकिंग प्रतियोगिता में बी. एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की छात्राओं– ज्योति महाजन, रचना मिश्रा, चंचला दानी, गायत्री साहू, भावना बाबेल, राजश्री भौंसले, पूजा सोलंकी, प्रीति सिंह, चन्द्रावती, ध्यान सिंह, नेहा पालीवाल, पूनम कुशवाह, स्वाति राठौर, उम्मे कुलसुम, पिंकी चौघंण तथा अनुराधा चौहान ने भाग लिया। चंचला दानी एवं नेहा पालीवाल क्रमश : प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक श्रीमती मजूबाला दुबे एवं डॉ. शमीम आरा हुसैन थे।



### 2. कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता

कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में बी. एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों चंचला दानी, उम्मे कुलसुम, ज्योति शर्मा, चन्द्रावती, गजल शेख, नेहा पालीवाल, पुजा सोलंकी, एवं गायत्री साहू ने भाग लिया जिसके निर्णायकगण श्री सुनील सक्सेना एवं श्रीमती अरून्धती राय थे। प्रतियोगिता की विजेता क्रमशः उम्मे कुलसुम प्रथम एवं पूजा सोलंकी द्वितीय रहीं। विद्यार्थियों ने कार्ड के द्वारा रक्षा बन्धन के प्रभावी संदेश दिए।

### 3. स्वीट मेकिंग प्रतियोगिता

स्वीट मेकिंग प्रतियोगिता में महाविद्यालय के बी. एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों नीलम जैन, भावना बाबेल, दीपिका यादव, उम्मे कुलसुम, ज्योति सिंह, पुजा सोलंकी, सुवर्णा चौधरी, जितेन्द्र पगारे, रानी पंवार, चम्पा मुवेल, स्वाति राठौर, प्रीति वर्मा, एवं अर्चना राजपूत, ने उत्साह पूर्वक भाग लिया तथा अपनी अपनी सृजनात्मकता एवं पाक कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उम्मे कुलसुम ने प्रथम एवं नीलम जैन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक श्रीमती उज्जवला मोजेज तथा श्रीमती दिपाली मुँगरे थे।



बीते समय के लिए मत रोइए, वो चला गया, और भविष्य की चिंता करना छोड़ो क्यूंकि वो अभी आया ही नहीं है, वर्तमान में जियो , इसे सुन्दर बनाओ!!

## जन्माष्टमी समारोह



दिनांक 14/08/2017 सोमवार को ज्ञानोदय महाविद्यालय में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ज्ञानोदय विद्यालय की प्राचार्या श्रीमति इन्दिरा सिंह थी। समारोह का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति के प्रति रूचि तथा उत्साह का विकास करना था। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों द्वारा उत्साह पूर्वक भाग लिया गया। प्रतियोगिताओं का वर्णन निम्नानुसार है–

**1. भजन गायन प्रतियोगिता :–**

भजन गायन प्रतियोगिता मे पूजा सोलंकी, नीलम जैन, उम्मे कुलसुम, लक्ष्मी राजौरा, प्रीति मेहरा, तथा रानू राठौर ने भाग लिया तथा मनोहारी भजनों की प्रस्तुति दी। बी. एड. द्वितीय वर्ष की छात्रा लक्ष्मी राजौरा तथा प्रथम वर्ष की नीलम जैन ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। श्रीमति इन्दिरा सिंह एवं निर्णय मेहर थे। प्रतियोगिता के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमति जसमीत कौर टण्डन एवं श्रीमति इन्दिरा सिंह द्वारा पुरस्कारों का वितरण किया गया।

## 2. मटकी फोड़ प्रतियोगिता :–

जन्माष्टमी के अवसर पर विद्यार्थियों ने मटकी फोड़ प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक भाग लिया। बी. एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की ज्योति महाजन, अनुराधा चौहान, रचना गिरजे, गजल शेख, प्रीति गुप्ता, चंचला दानी, नीलम जैन, लक्ष्मी राजौरा, रानू राठौर, प्रीति मेहरा, पूनम कुशवाह, हुमरा खान, उम्मे कुलसुम, मानिका परमार, प्रीति वर्मा, रचना मिश्रा, इत्यादि ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बी. एड. द्वितीय वर्ष की रानू राठौर तथा पूनम कुशवाह ने क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## स्वतत्रंता दिवस समारोह

दिनांक 15/08/2017, मंगलवार को ज्ञानोदय महाविद्यालय में 71वे स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का मुख्य उददेश्य विद्यार्थियों में देशप्रेम की भावना का विकास करना था। समारोह में बी. एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। समारोह की शुरूआत ईश वन्दना भारत माता पूजन तथा दीप प्रज्वलन के साथ की गई। सर्वप्रथम बी. एड. द्वितीय वर्ष की छात्रा नीलम जैन ने एक सुन्दर कविता प्रस्तुत की। विद्यार्थियों द्वारा समूह गान प्रस्तुत किया गया। द्वितीय वर्ष की छात्रा रानू राठौर तथा प्रथम वर्ष की छात्रा हुमरा खान द्वारा देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। द्वितीय वर्ष की छात्रा मोनिका परमार ने भाषण दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रथम वर्ष की छात्रा अनुराधा चौहान द्वारा कियां गया। संचालन के मध्य विद्यार्थियों से सामान्य ज्ञान संबंधी प्रश्न भी किए गए। अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. जसमीत कौर टण्डन द्वारा विद्यार्थियों को सम्बोधित किया गया।

## स्वागत समारोह (Welcome Party)

दिनांक 26/08/2017, शनिवार को ज्ञानोदय में बी. एड. के नवीन सत्र 2017–19 के विद्यार्थियों हेतु उनके कनिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा स्वागत पार्टी का आयोजन किया गया आयोजन में मुख्य अतिथि ज्ञानोदय संस्था के प्रमुख श्री जयकुमार सिंह जी, सचिव श्री अनिरूद्ध सिंह जी, ज्ञानोदय विधालय की प्राचार्या श्रीमति इन्दिरा सिंह जी थे। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वल्लन के साथ सरस्वती वन्दना के द्वारा की गई। सर्वप्रथम पुष्प गुच्छ से का स्वागत किया गया। नए विद्यार्थियों के स्वागत हेतु बी . एड द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा एक सुन्दर स्वागत गीत गाया गया। द्वितीय वर्ष की छात्रा अभिलाषा जैन द्वारा महाविद्यालय तथा समस्त स्टाफ गण का परिचय दिया गया। समारोह में प्रथम वर्ष की छात्रा पूजा सोलंकी तथा दितीय वर्ष की छात्रा शैफाली चौहान द्वारा आकर्षक नृत्य की प्रस्तुती दी गई। प्रथम वर्ष की छात्रा नीलम जैन द्वारा अभिप्रेरण वाक्य (Motivational Thoughts) कहे गए। कार्यक्रम में प्रथम सत्र के विद्यार्थियों हेतु मनोरंजक खेल व प्रतियोगिताएँ भी रखी गई। 30 सेकण्ड में माचिस की तीलियो से





असफलता से डरो मत असफलता नहीं बल्कि छोटा लक्ष्य बनाना अपराध है। महान प्रयासों में असफल होना भी शानदार होता है –!



## हिन्दी दिवस समारोह

दिनाँक 14/09/2017 गुरूवार को हिन्दी भाषा के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से ज्ञानोदय महाविद्यालय में हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया , जिसमें बी. एड. प्रथम , द्वितीय एवं चतुर्थ सत्र के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। हिन्दी भाषा के प्रोत्साहन हेतु महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।

### 1. वाद -विवाद प्रतियोगिता

वाद – विवाद प्रतियोगिता का विषय था “ बालक के विकास में अभिभावक की अनभिज्ञता बाधक है “ प्रतियोगिता में बी. एड. की छात्र स्वाती केदार उम्मे कुलसुम ,पूजा सोलंकी तथा रानी पंवार ने पक्ष जबकि हेमलता नामदेव , नीलम जैन , ज्योति पटेरिया तथा लक्ष्मी राजौरा ने विपक्ष में अपने मन प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में पक्ष में रानी पंवार ने प्रथम तथा पूजा सोलंकी ने द्वितीय जबकि विपक्षमें नीलम जैन ने प्रथम जबकि लक्ष्मी राजौरा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्याणक महाविद्यालय के सहायक प्राध्यपक श्री सुनील सक्सेना एवं डॉ. शमीम आरा हुसैन थे।

### 2. श्रुतलेख प्रतियोगिता

हिन्दी दिवस के अवसर पर हिन्दी भाषा के विकास हेतु श्रुतलेख प्रतियोगिता भी आयोजित भी गई जिसमें बी. एड. प्रथम द्वितीय एवं चतुर्थ वर्ष के राजश्री , ज्योति पटेरिया , उम्मे कुलसुम , नीलम जैन , पूजा सोलंकी , चॉदनी , भावना बाबेल , प्रतिसिंह , हेमलता , जया भंडारी , निर्णय मेहर , अमरजीत कौर , गजल शेख , रानी पंवार , प्रीति सुनहरे पूनम कुशवाह , धनकुमारी चौरसिया , खुशबू मलचंदानी , वैदेही राजपूत पिंकी चौगढ तथा चंचला दानी ने भाग लिया , जिसमें अतरजीत कौर भाटिया प्रथम सेमेस्टर , गजल शेख चतुर्थ सेमेस्टर तथा चंचला दानी द्वितीय सेमेस्टर ने क्रमश : प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया प्रतियोगिता की निर्णायक डॉ. शमीम आरा हुसैन थी।

### 3० सुन्दर लेखन प्रतियोगिता

सुन्दर लेखन प्रतियोगिता में बी. एड. प्रथम द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने हिन्दी भाषा में अनुच्छेद लेखन किया। प्रतियोगिता में गजल शेख बी. एड. चतुर्थ सेमेस्टर द्वितीय तथा पूनम कुशवाह बी. एड. चतुर्थ सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता की निर्णायक श्रीमति तनु शर्मा थी। समारोह के अंत में विजेताओं की घोषणा की गई।

## दीपावली समारोह 2017

दिनांक 14 अक्टूबर 2017 शनिवार को ज्ञानोदय महाविद्यालय में त्यौहारों के प्रति उत्साह वर्धन तथा विद्यार्थियों में सृजनात्मकता विकास हेतु दीपावली समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बी. एड. प्रथम, द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। सभी विद्यार्थी परम्परागत वस्त्रों में सम्मिलित हुए। समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।

### 1. व्यंजन प्रतियोगिता

व्यंजन प्रतियोगिता हेतु मैदे और बेसन से निर्मित विभिन्न व्यंजनों की प्रतियोगिता का आयेजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी पाक कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में रानी पंवार, शशिकान्ता, प्रीति सुनहरे, लक्ष्मी राजौरा, प्रेरणा सिंह, नीलम जैन, उम्मे कुलसुम, अभिरुचि श्रीवास्तव, निधी शाक्य, पूजा सोलंकी, तथा खुशबू मूलचन्दानी ने बेसन व मैदे से निर्मित व्यंजन प्रस्तुत



किये। प्रतियोगिता में नीलम जैन बी. एड. द्वितीय सेमेस्टर, अभिरुचि श्रीवास्तव बी. एड. द्वितीय सेमेस्टर ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया जबकि लक्ष्मी राजौरा बी. एड. चतुर्थ सेमेस्टर को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता की निर्णायक महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका श्रीमती नेहा वर्मा तथा श्रीमती अंजली सैन थी।

कोई भी,जिसने सीखना छोड़ दिया चाहे उसकी उम्र बीस साल हो या अस्सी साल वो बूढा है.कोई भी जिसने ज्ञान प्राप्त करना जारी रखा हुआ है वो युवा है.




## 2. तोरण (वन्दनवार) निर्माण प्रतियोगिता

दीपावली के अवसर पर महाविद्यालय में तोरण निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की बी. एड. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर की छात्रा हेमलता नामदेव, निधी शाक्य, ज्योति महाजन, लक्ष्मी राजौरा तथा उम्मे कुलसुम अंसारी ने भाग लिया तथा सुन्दर तोरण का निर्माण किया। प्रतियोगिता में हेमलता नामदेव बी. एड. प्रथम सेमेस्टर तथा निधी शाक्य बी. एड. प्रथम सेमेस्टर ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायकगण महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री सुनील सक्सेना तथा श्रीमती अरून्धती ठाकुर थे।

## 3. मेहन्दी प्रतियोगिता

दीपावली के अवसर पर महाविद्यालय में मेहन्दी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें प्रीति सुनहरे, लक्ष्मी राजौरा, रचना गिरजे, तथा निधी शाक्य ने भाग लिया। लक्ष्मी राजौरा बी. एड. चतुर्थ सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता की निर्णायक डॉ. शमीम आरा हुसैन तथा श्रीमती तनु शर्मा थी।

अन्त में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. जसमीत कौर टण्डन ने विद्यार्थियों को दीपावली की शुभकामनाएँ तथा विजेताओं के नाम की घोषणा कर पुरस्कार प्रदान किए।

## त्रिदिवसीय श्कला व क्रॉफ्ट कार्यशाला

दिनाँक 10th Nov से 12 th Nov.तक ज्ञानोदय महाविद्यालय में कला व क्रॉफ्ट कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य बी. एड. के विद्यार्थियों में सृजनात्मकता का विकास करना था। यह त्रीदिवसीय कार्यशाला 'पिडिलाईट' कम्पनी की ओर से आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों को शिल्पकार प्रयोग कर बॉटल सुसज्जित करना सिखाया गया जिसे 'मास्क आर्ट' भी कहा जाता है व बलॉक व स्टैंसिल वर्क भी सिखाया गया। कार्यशाला की मुख्य संचालिका संजना कश्यप थी। सर्वप्रथम विद्यार्थियों को विभिन्न बलॉक की सहायता से कपडे पर प्रिंट करना व स्टैंसिल का उपयोग कर रंगो को उस फ्रेम में भरना सिखाया गया। विद्यार्थियों को रंगो की उपयोगिता व कौन सा कपडा रंगो के लिए उपयुक्त है सभी तथ्यों की जानकारी दी गई। बॉटल्स पर अलग- अलग रंग करे फिर शिल्पकार की सहायता से अलग- अलग आकार की वस्तुएं जैसे मुखौटा, फूल आदि बनाए गए व उसे बॉटल पर चिपकाया गया व इसे सूखने के बाद इस पर रंग भरे गए। विद्यार्थियो ने बहुत रूचिपूर्वक से इस कार्यशाला में भाग लिया। आखिरी दिन सभी बनी वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया व कम्पनी की तरफ से विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट वितरण किया गया। सहायक प्राध्यापक उज्जवला मौसिस द्वारा संजना कश्यप मैम व पिडीलाइट का महाविद्यालय की ओर से धन्यवाद किया गया।



## विदाई समारोह :—



दिनांक 09/11/2017, गुरूवार को ज्ञानोदय महाविद्यालय के बी. एड. 2015—17 सत्र के चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों हेतु बी. एड. प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा उत्साह पूर्वक भाग लिया गया। समारोह के प्रारम्भ में बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा गायत्री साहू द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया। द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा ज्योति पटेरिया द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। समारोह में कई मनोरंजक खेल भी खिलवाए गए जिसमें बी. एड. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा लक्ष्मी राजौरा , रानी पंवार ,रिंकी गंगवाल विजेता घोषित किए गए। मिस्टर फेरवेल —ब्रजराज जबकि मिस फेरवेल — लक्ष्मी राजौरा रहे। विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स को उपहार भी प्रदान किए। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. जसमीत कौर टण्डन ने समस्त विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया साथ ही चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए तथा विधाएँ और विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन बी. एड. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा अनुराधा चौहान द्वारा किया गया तथा अंत में चतुर्थ सेमेस्टर की ओर से गजल शेख ने आभार प्रदर्शन किया।

व्यावहारिक विवेक का होना शिक्षित होने से हजार गुना बेहतर है.
—रोबर्ट जी.इन्गेर्सोल्ल

# Student Union Election




दिनांक 20/11/2017 – 27/11/2017 तक देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर द्वारा समस्त मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों में छात्र–संघ चुनाव एवं गठन का आयोजन किया गया। ज्ञानोदय महाविद्यालय में भी छात्र–संघ चुनाव एवं गठन सम्पन्न कराया गया जिसकी समय सारणी निम्न प्रकार रही –

| क्र- | दिनांक | समय | कार्यक्रम विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 20.11.2017 | 11:00 प्रातः 3:00 अपरान्ह तक | (अ) महा में प्राचार्य/संरक्षक द्वारा छात्रसंघ निर्वाचन हेतु अधिसूचना जारी करना (ब) छात्रसंघ गठन के लिएपदों के आरक्षण की घोषणा। |
| 2 | 21.11.2017 | 11:00 से 05:00 सायं तक | महाविद्यालय में क्रमशः विभागवार/कक्षावार मतदाताओं की सूची तैयार करना। |
| 3 | 22.11.2017 | 04:00 से 05:00 सायं तक | महाविद्यालय में कक्षावार मतदाताओं की सूची का प्रकाशन । |
| 4 | 23.11.2017 | 11:00 से 03:00 अपरान्ह तक | मतदाताओं की प्रकाशित सूची परदावा/आपत्ति । |
| 5 | 24.11.2017 | 05:00 सायं तक | मतदाताओं की अंतिम संशोधित (वैध) सूची का प्रकाशन। |
| 6 | 25.11.2017 | 10:00 से 11:00 प्रातः तक | महाविद्यालय में कक्षावार कक्षा प्रतिनिधि के लिए प्रत्याशियों का नामांकन। |
| | | 11:00 से 12:00 मध्यान्ह | कक्षा प्रतिनिधि प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जाँच। |
| | | 12:00 से | कक्षा प्रतिनिधि प्रत्याशियों की नामांकन सूची का |
| | | 12:30 अपरान्ह तक | प्रथम प्रकाशन। |
| | | 12:30 से 01:00 अपरान्ह तक | कक्षा प्रतिनिधि प्रत्याशियों की सूची परदावा/आपत्ति । |
| | | 01:00 से 02:00 अपरान्ह तक | कक्षा प्रतिनिधि प्रत्याशियों की नामांकन सूची का द्वितीय प्रकाशन। |
| | | 02:00 से 02:30 अपरान्ह तक | कक्षा प्रतिनिधि प्रत्याशियों द्वारा नाम वापसी । |
| | | 02:30 से 03:30 अपरान्ह तक 03:30 अपरान्ह से कार्यपूर्ण तक | महाविद्यालय में कक्षावार कक्षा प्रतिनिधि प्रत्याशियों की अंतिम वैध सूची का प्रकाशन। जिनकक्षाओं में कक्षा प्रतिनिधि के लिए नामांकन नहीं हुआ है उन कक्षाओं में गुणानुक्रम के आधार पर संरक्षक द्वारा मनोनयनकर सूची जारी करना। महाविद्यालय में कक्षावार कक्षा प्रतिनिधि प्रत्याशियों के के मतपत्रतैयार करना/मतान केन्द्रों का निर्माण करना। |
| 7 | 26.11.2017 | 05:00 सायं से प्रचार प्रसार प्रतिबंधित | महाविद्यालय में कक्षा प्रतिनिधि प्रत्याशियों के द्वारा छात्र संघ गठन के लिएप्रचार प्रसार। |
| 8 | 27.11.2017 | 08:00 से 10:00 प्रातः तक | महाविद्यालय में कक्षावार कक्षा प्रतिनिधियों के लिए मतदान। |
| | | 10:00 प्रातः से 10:30 तक | कक्षा प्रतिनिधि के लिएमतगणना/परिणाम की घोषणा। |
| | | 11:00 प्रातः से 5:00 सायं परिणाम घोषणा क उपरान्त तत्काल | छात्रसंघ निर्वाचन अधिकारी द्वारा शपथ ग्रहण। नोटः–महाविद्यालय के निर्वाचित/मनोनीत कक्षा प्रतिनिधियों पदाधिकारियों के परिणामों एवं पदाधिकारियों की व्यक्तिगत जानकारी का निर्धारित प्रारूपमें उच्च शिक्षा विभाग को प्रेषण। |





कक्षा प्रतिनिधि हेतु बी. एड. द्वितीय सेमेस्टर से कु. अनुराधा चौहान तथा बी. एड. प्रथम सेमेस्टर से कु. निधी शाक्य द्वारा नामांकन किया गया। उपरोक्त दोनों उम्मीदवारों के विपक्ष में नामांकन दाखिल नहीं होने के कारण उपरोक्त दोनों उम्मीदवारों को कक्षा प्रतिनिधि के रूप में निर्विरोध रूप से चयनित किया गया। छात्र संघ चुनाव हेतु देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के द्वारा शा.माता जीजाबाई महाविद्यालय की प्राध्यापिका श्रीमति शोभना व्यास को ज्ञानोदय महाविद्यालय की छात्रसंघ निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया। ज्ञानोदय महाविद्यालय की सहा. प्राध्यापिका श्रीमति तनु शर्मा महाविद्यालय की निर्वाचन अधिकारी सहायक जबकि श्री निर्णय मेहर सहायक के रूप में कार्यरत रहे।

इंसान को कठिनाइयों की आवश्यकता होती है, क्योंकि सफलता का आनंद उठाने कि लिए ये जरूरी हैं....! अब्दुल कलाम–